ROLL NO

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

**INDIAN SCHOOL SALALAH**

**SECOND TERM EXAMINATION, FEB - MARCH 2026**

**Class: VI** **HINDI SECOND LANGUAGE (085)** **Date: 03.03.2026**

**Time: 3 Hrs.** **Maximum Marks:80**

---

01. **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-** **5x1=5**

वर्षा ऋतु जहाँ एक ओर कोमल तथा सुंदर है, वहीं दूसरी ओर कठोर भी है। जहाँ अनावृष्टि (**वर्षा का अभाव**) अकाल का कारण बनती है, वहीं अतिवृष्टि (**अत्यधिक वर्षा**) विनाश का कारण बनती है। वर्षा से सड़कों पर पानी भर जाता है, जिससे आवागमन और यातायात में भारी कठिनाई पैदा हो जाती है। इस ऋतु में मच्छरों का भयंकर प्रकोप होता है, जिससे मलेरिया, डेंगू जैसे भयानक रोग फैल जाते हैं। अधिक वर्षा के कारण नदियों में जल-स्तर बढ़ने से बाढ़ आ जाती है। बाढ़ आ जाने से जन-जन की भारी हानि होती है। कच्चे व पुराने मकान ढ़ह जाते हैं। गाँव बाढ़ के पानी में बह जाते हैं। फसलें नष्ट हो जाती हैं। इस प्रकार अधिक वर्षा हानिकारक सिद्ध होती है। वैसे जन-जीवन में वर्षा ऋतु वरदान की देवी है। वर्षा के साथ ही हमें पीने को पानी व खाने को अन्न मिलता है। जहाँ तक वर्षा से बाढ़ का भय है, तो बाढ़ रोकने के उपाय किए जा सकते हैं। वर्षा के जल को इकट्ठा करके उसका सदुपयोग किया जा सकता है।

**i) अनावृष्टि किसका कारण बनती है?**

**क)** अकाल का **ख)** बाढ़ का **ग)** भूकंप का **घ)** रोग फैलाने का

**ii) मलेरिया और डेंगु रेग फैलने का कारण है-**

**क)** अतिवृष्टि **ख)** वर्षा ऋतु **ग)** मच्छरों का प्रकोप **घ)** अनावृष्टि

**iii) नदियों में जल-स्तर बढ़ने का क्या कारण है?**

**क)** वर्षा ऋतु **ख)** अनावृष्टि **ग)** अकाल **घ)** अतिवृष्टि

**iv) वर्षा ऋतु को वरदान की देवी क्यों कहा गया है?**

**क)** जन-धन की भारी हानि होने के कारण **ख)** वर्षा ऋतु में रोग फैलने के कारण

**ग)** पीने का पानी व अन्न उपलब्ध कराने के कारण **घ)** गाँव बाढ़ में बह जाने के कारण

**v) कच्चे व पुराने मकान कब ढह जाते हैं?**

**क)** बाढ़ के कारण **ख)** तूफान के कारण **ग)** अकाल के कारण **घ)** युद्ध के कारण

02. **निम्नलिखित शब्दों का वचन बदलिए:-** 2x½=1

लहर, थाली

03. **निम्नलिखित शब्दों का लिंग बदलिएः-** 2x½=1

उपदेशक, नौकर

04. **निम्नलिखित शब्दों का विलोम शब्द लिखिए-** 2x½=1

हरियाली, जीवन

05. **निम्नलिखित शब्दों का दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए:-** 4x½=2

दिन, माँ

06. **उचित विशेषण शब्दों से वाक्यों की पूर्ति कीजिएः-** 4x½=2

क) राजू बाज़ार से ......... चावल लाया। ख) ............ बच्चे खेल रहे हैं।

ग) मुझे खीर बनाने के लिए ........ दूध चाहिए। घ) गिलास में ............. पानी है।

07. **उचित संबंधबोधक शब्दों से वाक्यों की पूर्ति कीजिएः-** 4x½=2

क) कबूतर पेड़ ............बैठा है। ख) मेरे घर ................ एक पहाड़ है।

ग) नदी ................ लोग खड़े हैं। घ) राजू घर ............... दौड़ा।

08. **उचित क्रियाविशेषण शब्दों से वाक्यों की पूर्ति कीजिएः-** 4x½=2

क) मोहन ............ चलता है। ख) वह ............ गाती है।

ग) घोड़ा .......... भागता है। घ) तुम ........... जाकर बैठो।

09. **अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिएः-** 4x½=2

क) एक ही कक्षा में पढ़ने वाला ख) जो दूसरों की स्त्री हो

ग) जो सत्य बोले घ) जिसका बहुत मूल्य हो

10. **निम्नलिखित मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग कीजिएः-** 2x1=2

क) आग बबूला होना ख) मन मारकर रह जाना

11. **<u>किसी एक</u> विषय पर अनुच्छेद लिखिएः-** 5

क) बालश्रम ख) जीवन में खेलकूद का महत्त्व ग) मेरा प्रिय नेता


12. बहन के विवाह में आमंत्रित करते हुए मित्र को पत्र लिखिए। 5

**अथवा**

जन्मदिन पर सुंदर उपहार के लिए दादाजी को पत्र लिखिए।

13. **बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए दो मित्रों के बीच लगभग 40-50 शब्दों में संवाद लिखिए।** 5

14. **चित्र देखकर लगभग 30-40 शब्दों में अपने विचार लिखिए।** 5



<u>**खण्ड- ख**</u>

15. **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिएः-** 5x1=5

वेनका ने लंबी साँस ली। उसे याद आया, वह अपने दादाजी के साथ क्रिसमस पेड़ लाने जंगल जाता था। चारों तरफ़ बरफ़ होती थी। जब कभी वह बरफ़ में लुढ़क जाता तो दादा जी ठहाका लगाकर हँसते और फिर लपककर गोद में उठा लेते थे। दादा जी क्रिसमस पेड़ काटते-काटते वेनका को खूब हँसाते। सहसा कोई खरगोश वहाँ से गुज़रता तो वे चिल्लाते- वेनका, पकड़ो इस छोटी दुमवाले शैतान को! वेनका दौड़ता, लुड़कता और फिर दोनों की हँसी से जंगल गूँज उठता। दादाजी क्रिसमस पेड़ मालिक के घर तक लाते। वेनका के मित्र, मालिक की लड़की और दादा जी सब मिलकर पेड़ सजाने में जुट जाते। उन दिनों उसकी माँ जीवित थी। मालिक की लड़की ओल्गा वेनका को खूब मिठाइयाँ खिलाती।

**i) वेनका दादजी के साथ जंगल क्यों जाता था?**

**क)** आराम करने **ख)** क्रिसमस पेड़ लाने **ग)** फल तोड़ने **घ)** घूमने

**ii) खरगोश को देखकर दादा जी वेनका से क्या कहते थे?**

**क)** खरगोश को पकड़ो **ख)** खरगोश को मारो **ग)** खरगोश को भगाओ **घ)** खरगोश को सुलाओ

**iii) क्रिसमस का पेड़ कौन सजाता था?**

**क)** सब मिलकर **ख)** आलियाखिन **ग)** वेनका **घ)** वेनका की माँ

**iv) ओल्गा कौन थी?**

**क)** वेनका की बहन **ख)** मालिक की लड़की **ग)** आलियाखिन की पत्नी **घ)** वेनका की मौसी

**v) वेनका के दादा जी ठहाका लगाकर क्यों हँसते थे?**

**क)** जंगल देखकर **ख)** बरफ़ में लुढ़कने पर **ग)** जानवरों को देखकर **घ)** खरगोश को देखकर

16. **निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिएः-** 5x1=5

कहीं रहे कैसे भी मुझको प्यारा हर इनसान है
मुझको अपनी मानवता पर बहुत अभिमान है।
अरे नहीं देवत्व मुझे तो भाता है मनुजत्व ही,
और छोड़कर प्यार नहीं स्वीकार सकल अमरत्व भी

मेरी धरती सौ-सौ स्वर्गों से ज़्यादा सुकुमार है।
कोई नहीं पराया, मेरा घर सारा संसार है।

i) **कवि को किस पर अभिमान है**?

**क**) देवत्व पर **ख)** मानवता पर **ग)** अमरत्व पर **घ)** देश पर

ii) **कवि को क्या भाता है**?

**क)** स्वर्ग **ख)** अमरत्व **ग)** मनुजत्व **घ)** पराजय

iii) **कवि को क्या स्वीकार नहीं है**?

**क)** अमरत्व **ख)** बंधन **ग)** मोहमाया **घ)** धन

iv) **कवि को कौन प्यारा है**?

**क)** इनसान **ख)** पशु-पक्षी **ग)** जानवर **घ)** फल-फूल

v) **कवि की धरती कैसी है**?

**क)** दलित है **ख)** प्रदूषित है **ग)** सुकुमार है **घ)** लाचार है

17. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 20-25 शब्दों में लिखिएः-** 5x2=10

**क)** पुतलीबाई ने तीन दिन से कुछ क्यों नहीं खाया था?

**ख)** होली में क्या गाने को मन करता है?

**ग)** वेनका के दादाजी कैसे थे?

**घ)** पंड़ित चंद्रधर क्यों पछताते थे?

**ङ)** गांधी जी कौन से उपवास पर थे?

18. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 30-40 शब्दों में लिखिएः-** 5x3=15

**क)** मुसाफिरों ने ठाकुर साहब के साथ कैसा व्यवहार किया?

**ख)** सुहासिनी गांधी जी से क्या जानना चाहती थी?

**ग) '**कष्ट के बिना सुख का भी कोई अर्थ नहीं होता**' -** ऐसा क्यों कहा गया है?

**घ)** कृपाशंकर हाथ बाँधे सेवक की भाँति दौड़ता था **-** क्यों?

**ङ)** '**जीवन-धन**' और '**रस-घन**' शब्दों द्वारा किसकी ओर संकेत किया जा रहा है और क्यों?

19. **सहपाठ के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिएः-**

क) सच्चा वीर पाठ से हमें क्या सीख मिलती है? 1

ख) 'आप सच्चे वीर हैं' - इस कथन से अहमद की पुत्रवधू का क्या अभिप्राय था? 2

ग) शिवाजी महाराज ने किसे गर्व की बात कहा और क्यों? 2

------***------